# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–25 अगस्त 2026** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस–यूपीआई के आज दस वर्ष पूरे होने पर कहा कि राष्ट्र की इस डिजिटल क्रांति पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यूपीआई प्रणाली का शुरू होना भारत के डिजिटल भुगतान इतिहास का सबसे बड़ा निर्णायक क्षण रहा है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से यूपीआई के साथ अपने अनुभव साझा करने को भी कहा।

यूपीआई की शुरूआत आज ही के दिन वर्ष 2016 में हुई थी। एक रिपोर्ट–

**महज 10 वर्षों में यूपीआई भारत में डिजिटल भुगतान के तरीकों को पूरी तरह से बदल दिया है। इसके माध्यम से लेनदेन त्वरित, सरल और अधिक सुलभ हो गया है। यूपीआई की बड़े पैमाने पर तेज और भरोसेमंद सेवा को पूरी दुनिया में सराहा गया है। जिसके कारण आज यूपीआई प्रणाली को 11 देशों ने अपनाया है इनमें फ्रांस, सिंगापुर, यूएई, श्रीलंका, भूटान और मॉरीशस जैसे देश शामिल हैं। आज दुनिया में होने वाले हर दो रियल टाइम डिजिटल भुगतान लेनदेन में से लगभग एक भारत में होता है। दुनिया भर में होने वाले डिजिटल भुगतान लेनदेन में यूपीआई के हिस्सेदारी लगभग 49ः है। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यूपीआई की यात्रा आज भारत की डिजिटल सामर्थ्य और आत्मनिर्भरता की वैश्विक पहचान बन चुकी है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में कृषि विभाग के लिए नव चयनित तीन हजार चार सौ छियालीस प्राविधिक सहायकों और एक सौ छब्बीस मंडी सचिवों के नियुक्ति–पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि छह महीने के अंदर एक लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी का नियुक्ति–पत्र दिया जाएगा।

***मैं प्रदेश भर के युवाओं को इस बात के लिए आश्वस्त कर रहा हूँ कि अगले 6 महीने के अंदर... नोट करिए, अगले 6 महीने के अंदर...एक लाख नौजवानों को फिर सरकारी नियुक्ति पत्र अलग–अलग स्टेज में, हर सप्ताह उपलब्ध करवाने जा रहे हैं। एक लाख सरकारी नियुक्ति पत्र हम देने जा रहे हैं। अनुमान करिए... 1 लाख! यूपी के अंदर कभी यह कल्पना होती थी? यहाँ हम 6 महीने के अंदर ही 1 लाख नौजवानों को यह सरकारी नियुक्ति पत्र दे रहे हैं। सारी परीक्षाएं पूर्ण हो गई हैं, रिजल्ट की प्रक्रिया चल रही है।***

**********

प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आज लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बूथ लेवल अधिकारियों–बीएलओ के साथ संवाद किया। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि बूथ लेवल अधिकारी भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला हैं।

***हर बूथ लेवल ऑफिसर अपनी पारदर्शिता और कर्मठता के लिए न केवल अपने बूथ के मतदाताओं के बीच में जाना जाता है, बल्कि पूरे भारत में और पूरे विश्व में जाना और माना भी जाता है।भारत के सभी बूथ लेवल ऑफिसर्स अपनी कर्मठता से जिस तरीके से कार्य करते हैं, इसीलिए उनके साथ संवाद स्थापित करना और जितना अच्छा वो काम करते हैं, और कुछ उनके सुझाव भी थे, उन सुझावों को भी लेना, इसी काम के लिए हमने लखनऊ आए भी थे।***

**********

बाराबंकी जिले में मसौली थाना क्षेत्र के बिंदोरा चौराहे के पास आज दिन में तेज बारिश के बीच एक डंपर और कार की आमने सामने से हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। टक्कर के बाद पुलिस की मदद से कार में फंसे पांच लोगों को बाहर निकाला गया, जिनमें तीन की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। वहीं एक व्यक्ति ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि हादसे का शिकार एक अन्य व्यक्ति अस्पताल में भर्ती है।

**********

कल ईद मिलाद–उन–नबी मनाया जाएगा। इसी क्रम में सीरतुन्नबी के जलसों और महफिलों का सिलसिला आज से शुरू हो रहा है। इसे देखते हुए इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने लोगों से सेंटर द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

***पूरे तरीके से डिसिप्लिन का ख्याल रखें। और इन जलसों में जो अदब और लिहाज महफूज रखना चाहिए उसका भी पूरा लिहाज रखा जाए। और सड़कों पर नौजवान बिल्कुल भी मोटरसाइकिल स्टंट न करें। यह मुबारक रात है, इसका एहतराम करना लाजमी और जरूरी है।***

**********

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज कहीं कहीं भारी से लेकर बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कल और सत्ताईस अगस्त को भी इस अंचल में भारी बारिश की चेतावनी दी है।

**********